भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1593**
**01 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए**

## आरआईएनएल के कर्मचारियों और कामगारों के लिए वीआरएस

1593. श्री गोला बाबूरावः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने अपने कर्मचारियों और कामगारों के लिए दूसरी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) की घोषणा की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि यह योजना 15 जुलाई, 2025 को शुरू हुई और 18 जुलाई, 2025 को समाप्त हो गई;

(घ) कितने कर्मचारियों और कामगारों ने वीआरएस के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है;

(ङ) वीआरएस-॥ क्या लाभ प्रदान करेगा और यह वीआरएस-। से किस प्रकार भिन्न है; और

(च) आरआईएनएल द्वारा घोषित वीआरएस-। की स्थिति क्या है?

**उत्तर**

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (घ): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने पात्र एवं इच्छुक कर्मचारियों के लिए दिनांक 14.06.2025 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) का प्रस्ताव दिया था। यह योजना दिनांक 16.06.2025 को शुरू हुई थी और आवेदन वापस लेने की अंतिम तिथि 18.07.2025 थी। 1017 कर्मचारियों ने वीआरएस का विकल्प चुना है।

(ङ) आरआईएनएल में वीआरएस-॥ के लाभ दिनांक 20 जुलाई, 2018 के डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार हैं और वीआरएस-॥ के लाभ वही हैं जो वीआरएस-। में दिए गए थे।

(च) दिनांक 31.03.2025 तक वीआरएस-। के अंतर्गत 1123 कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान की गई।

*****